जम्मू और कश्मीर में पर्यटक स्थलों का विकास

4922. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार के कुछ वरिष्ठ अधिकारी जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में पर्यटन स्थलों के विकास हेतु उठाए गए कदमों को नाकाम करने की कोशिश कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उनकी पहचान की है तथा इस मामले में कोई कार्यवाही की है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा पर्यटन के विकास हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) पर्यटन विभाग के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

इंडियन एयरलाइन्स और एयर इंडिया में विकलांग व्यक्तियों की नियुक्ति

4923. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन एयरलाइन्स और एयर इंडिया में "ग" और "घ" श्रेणी के पदों पर विकलांग व्यक्तियों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण के संबंध में कोई स्थायी प्रशासनिक आदेश हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे पदों पर कितनी नियुक्तियां की गई हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां ।

(ख) जारी किए गए अनुदेशों में, ग्रुप "सी" और "डी" के पदों पर शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीचे दी गई प्रत्येक श्रेणी के सामने दर्शाए गई हद तक आरक्षण विहित है :—

श्रेणी	आरक्षण का प्रतिशत
अन्धे	1%
बहरे	1%
विकलांग	1%
कुल :	3%

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स में पिछले तीन वर्षों में शारीरिक रूप से विकलांग नियुक्त व्यक्तियों की संख्या विवरण में दी गई है ।

विवरण

वर्ष	एयर इंडिया		इंडियन एयरलाइन्स	
	ग्रुप "सी"	ग्रुप "डी"	ग्रुप "सी"	ग्रुप "डी"
1991	—	—	6	9
1992	—	—	6	11
1993	—	—	—	—